प्रतियोगिता | जबलपुर में मतदाता जागरूकता की अनोखी पहल, जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का शुभारंभ

# नुक्कड़ नाटकों से सजी लोकतंत्र की पाठशाला



**नवभारत, जबलपुर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट का परिसर शुक्रवार को उस समय लोकतंत्र के रंगों से सराबोर नजर आया, जब चारों ओर ढोलक की थाप, संवादों की गूंज और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मंच नहीं था, पर संदेश बुलंद था—हर नाम, हर वोट, हर नागरिक जरूरी है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में जहां एक एक वोट कीमती होता है, वहीं मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन होना भी जरूरी है। सही एवं शुद्ध मतदाता सूची से न केवल पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित होती है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होती है। जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को मतदाता सूची के प्रति जागरूक करना है।

### लगभग 250 विद्यार्थियों ने सहभागिता

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 21 शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। पहले दिन की प्रस्तुतियों के आधार पर छह महाविद्यालयों की टीमों को सेमीफाइनल के लिए चुना गया है। प्रतियोगिता का फाइनल रविवार 17 जनवरी को आयोजित होगा।

### कहीं हास्य, कहीं व्यंग्य, तो कहीं भावनात्मक संवाद

दर्शकों के बीच मौजूद युवा, शिक्षक और अधिकारी पूरे मनोयोग से प्रस्तुतियां देखते नजर आए। कहीं हास्य था, कहीं व्यंग्य, तो कहीं भावनात्मक संवादों ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। छात्र-छात्राएं कभी मतदाता बनकर, तो कभी बूथ लेवल अधिकारी की भूमिका में उतरते दिखे और दर्शकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने व राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व से रूबरू कराया।





# मन को खुद से मनाना ही वास्तविक साधना है : प्रमाणसागर

▶ देवाधिदेव आदिनाथ स्वामी निर्वाण महोत्सव में आत्मवोध से आनंद की यात्रा का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** डी.एन. जैन महाविद्यालय के विशेष पांडाल में मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज द्वारा प्रवचन 'आत्मवोध से आनंद की यात्रा' का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न नगरों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

प्रवचन में मुनि श्री ने 'मन का नियंत्रण तनाव मुक्त जीवन की कुंजी' विषय पर विचार साझा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोग अपने मन को अतीत और भविष्य की उलझनों में फंसा लेते हैं। उन्होंने समझाया कि 'विषयासक्त मन बंधन का कारण है, विषयातीत मन मुक्ति का आधार'। मुनि श्री ने मन के चार पहलुओं—मन की मानना, मन को मनाना, मन को मोड़ना और मन को तोड़ना—पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मन को खुद से मनाना ही वास्तविक साधना है। उन्होंने कहा, जो मन का मालिक है, वही प्रसन्न है; जो गुलाम है, वही परेशान रहता है। प्रवचन सभा में जबलपुर के पूर्व राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, वरिष्ठ पत्रकार आशीष शुक्ला और गुणायतन के कार्यकारी अध्यक्ष एन. सी. जैन (दिल्ली) समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सकल जैन समाज द्वारा मुनि श्री का तिलक, अंगवस्त्र और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

### प्रतिदिन हो रहे प्रवचन व शंकासमाधान

प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावानी एवं मीडिया प्रभारी सुबोध कामरेड ने बताया कि मुनि श्री के प्रवचन प्रतिदिन प्रात: 8:40 से 9:30 बजे तक और टेलीविजन पर लोकप्रिय कार्यक्रम 'शंकासमाधान' 2:45 से 3:45 बजे तक संपन्न हो रहे हैं। मुनि श्री ने कहा कि सोच बदलो तो समस्या तपस्या बन जाती है, और सोच बिगड़ जाए तो तपस्या भी समस्या लगती है। मन को दबाओ मत, मोड़ो—यही साधना है।

# संस्कारधानी की बेटी अन्वी ने राष्ट्रीय कुराश में जीता स्वर्ण पदक

▶ जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का नाम किया रोशन



**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी की होनहार कुराश खिलाड़ी अन्वी लोधी पटेल ने पटना (बिहार) में 8 से 10 जनवरी तक आयोजित जूनियर राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले, प्रदेश और परिवार का नाम गौरवान्वित किया। अन्वी ने मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट तकनीक, आत्मविश्वास और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि कुराश एसोसिएशन जबलपुर के महासचिव शशांक सिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यास और कठोर परिश्रम का परिणाम है। अन्वी की सफलता पर जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे, एमेच्योर कुराश एसोसिएशन म.प्र. के सचिव राहुल व्यास, मध्यप्रदेश कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विक्रम अवॉर्डी विवेक स्वामी, कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष विभोर बबेले, शिवानी सिंह ठाकुर, अमित श्रीवास, सात्विक कुर्मी, राहुल भोजक, सीरिल श्रीवास, विश्वास चौधरी, ऋषभ भोजक और कृष्ण कुमार सराठे सहित खेल पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने बधाई दी।

### दृष्टिबाधित शिक्षकों का प्रांतीय सम्मेलन आज

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासकीय दृष्टि बाधित शिक्षक संघ का स्थापना दिवस समारोह एवं प्रांतीय सम्मेलन आज सुबह 10 बजे से रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के सभागार में आयोजित किया गया है। जिसमें सुदूरवर्ती अंचलों से भी सैकड़ों दृष्टबाधित शिक्षक शामिल होंगे। इस अवसर पर शिक्षण क्षेत्र से जुड़े विद्वानों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य सार्थक संवाद, विचार-विमर्श तथा नवाचारों पर चर्चा का आयोजन किया गया है, उपस्थिति का आग्रह अध्यक्ष मुकेश यादव, महा सचिव नितेश ठाकुर, कार्यक्रम संयोजक सुनील कुमार जैन, समाजसेवी डॉ. एच .पी. तिवारी, बसंत पटेल आदि ने की है।

# ननि की आर्थिक स्थिति मजबूत करना हम सभी की प्राथमिकता : निगमायुक्त

निगमायुक्त ने बैठक में अधिकारी-कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश




**नवभारत, जबलपुर।** शहर विकास और संस्थागत सुधार की दिशा में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्पष्ट रूप से अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नागरिक सुविधाओं में विस्तार और निगम की आर्थिक स्थिति मजबूत करना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा के साथ-साथ सी.एम. हैल्प लाइन की समीक्षा करते हुए समय सीमा में सभी कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त ने इस दौरान नवीन सम्पत्तियों जिसमें व्यवसायिक और आवासीय चिन्हित कर दर्ज करने संबंधी कार्यो की जानकारी ली और 30 जनवरी तक अभियान चलाकर कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने अभियान के अंतर्गत अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने, कम्पाउंडिंग, लीज नवीनीकरण आदि के कार्यो में भी गति लाने के निर्देश दिये ताकि निगम की आय में बढ़ोत्तरी हो सके।

### बेहतर प्रदर्शन पर 26 जनवरी को मिलेगा सम्मान

अधिकारी-कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए निगमायुक्त ने कहा है कि जो कर्मचारी अपने टारगेट को समय पर पूरा करेंगे और वसूली व अन्य प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, उन्हें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के गरिमामयी अवसर पर सार्वजनिक रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

## एक नजर में



### साइबर फ्रॉड से विद्यार्थियों को किया जागरूक

**नवभारत, जबलपुर।** स्कूल के छात्र, छात्राओं को सायबर संबंधी अपराधों के संबंध में एएसपी जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जागरूक किया गया। उप पुलिस अधीक्षक उदयभान बागरी द्वारा निजी स्कूल के छात्र, छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सोशल मीडिया से संबंधित फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, फ्रॉड, कस्टम फॉड एवं चाईल्ड पोर्नोग्राफी इत्यादि के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा उनसे बचने के उपाय के संबंध में जागरुक किया गया। इस दौरान साइबर सेल से उप निरीक्षक नीरज नेगी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने अपील की है कि यदि यदि आप सायबर फ्रॉड का शिकार हुए हैं तो उसकी शिकायत दर्ज करें।

### लॉन टेनिस प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित 47वीं अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता (2025-26) का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। स्थानीय ज्योति क्लब में आयोजित इस समारोह में खेल भावना और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रतियोगिता में बिजली कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों से आई कुल 06 टीमें अपने कौशल का प्रदर्शन कर रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक एसके भागवतकर व मुख्य अभियंता, जबलपुर क्षेत्र एसके गिरिया उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के दौरान उप-महाप्रबंधक वेद प्रकाश ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना, ईमानदारी और नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि मंजीत सिंह ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक अनुशासन को भी निखारता है। विशिष्ट अतिथि एसके गिरिया ने भी आपसी समन्वय और कार्य संस्कृति को मजबूत करने में खेल प्रतियोगिताओं के महत्व पर जोर दिया।



### रोटरी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग में हुए चार मुकाबले

**नवभारत, जबलपुर।** रोटरी क्लब जबालीपुरम द्वारा आयोजित रोटरी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग के दूसरे दिन क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेखराज सिंह एवं विशिष्ट अतिथि रिकुंज विज उपस्थित रहे। दिन में कुल चार मुकाबले खेले गए। पहले मैच में ईसी रॉयल ने 50 रन बनाए, जिसे पंजाबी यूथ क्लब ने 5 ओवर में हासिल कर लिया। अंकित भोला मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में रोटरी मेन्स ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 50 रनों से पराजित किया। तीसरे मैच में जबलपुर वॉरियंस 28 रन पर सिमट गई, जबकि कामधेनु नेक्स्ट ने 9 विकेट से जीत दर्ज की। आकाश कोकरेजा मैन ऑफ द मैच बने। चौथे मुकाबले में पांडेय इलेवन ने 26 रनों से जीत दर्ज की। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की टीम 50 रन पर ऑलआउट हुई। आकाश को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष मयंक अरोड़ा, सचिव दीपक वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष रोटेरियन अंकुर महेश्वरी, उपाध्यक्ष प्रसून मिश्रा, रोटेरियन रॉबिन जग्गी सहित अन्य रोटेरियंस एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# 1616 विद्यार्थियों ने दी जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा

▶ डीपीसी सहित अन्य शिक्षकों ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**नवभारत, जबलपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले के समस्त विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। प्रथम दिवस शुक्रवार को कुल 1616 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह परीक्षा शासकीय स्कूलों के कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है, जो ओएमआर शीट आधारित है। प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक तैयारी के उद्देश्य से आयोजित इस ओलंपियाड में विद्यार्थियों को परीक्षा उपरांत भोजन एवं राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं। प्रथम दिवस कक्षा 2 एवं 3 के लिए हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित तथा कक्षा 6 से 8 के लिए हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। डीपीसी योगेश शर्मा ने नगर शिक्षा केंद्र एक अंतर्गत शासकीय एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नगर शिक्षा केंद्र दो अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारबाग एवं पाटन विकासखंड के पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान एपीसी राजेश तिवारी, बीएसी अजय रजक, सहायक यंत्री ओपी सिंह, सुभाष शर्मा सहित संबंधित विकासखंड की बीआरसी टीम उपस्थित रही। आज द्वितीय दिवस को कक्षा 4-5 के हिंदी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण तथा कक्षा 6 से 8 के गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# 632 .92 की वसूली, 276 करोड़ का सरचार्ज माफ

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की समाधान योजना 2025-26 को बकायादार उपभोक्ताओं से जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। योजना के प्रथम चरण में अब तक 11 लाख 88 हजार 240 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया है। इससे 632 करोड़ 92 लाख रुपये की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 276 करोड़ रुपये का सरचार्ज माफ किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि तीन माह से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान कर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफी का लाभ ले सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 3 लाख 84 हजार 130 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कर 403.69 करोड़ रुपये की मूल राशि जमा की, जबकि 215.95 करोड़ रुपये का सरचार्ज माफ हुआ। समाधान योजना दो चरणों में लागू है। प्रथम चरण 3 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक, जिसमें 60 से 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफी मिलेगी। द्वितीय चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें 50 से 90 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। पंजीयन कंपनी के ऐप, सीएससी, एमपी ऑनलाइन और विद्युत वितरण केंद्रों पर उपलब्ध है।

# अनुशासन और वरिष्ठों के मार्गदर्शन ने मुझे यहां तक पहुंचाया

▶ जस्टिस सुजॉय पॉल ने मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली



**जबलपुर, नवभारत।** जस्टिस सुजॉय पॉल ने शुक्रवार को कोलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट नंबर एक आयोजित हुआ, जहां पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। जस्टिस पॉल पूर्व मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगणनम की सेवानिवृत्ति के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्हें 18 जुलाई 2025 को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया था।

**संयोग से हुई शुरुआत** -मूलत: जबलपुर में पले बढ़े मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल ने शपथ ग्रहण के बाद अपने संबोधन में कहा कि, कानूनी पेशे में मेरी शुरुआत नियोजन से नहीं, बल्कि संयोग से हुई।

जस्टिस पॉल ने अपने भाषण में अपनी मां मंजुश्री पॉल के संघर्षों को भी याद किया, जो शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद थीं। उन्होंने कहा, मेरे पिता का निधन मेरी उम्र के मात्र 15 महीने में हो गया था। मेरे चरित्र की नींव मेरी मां ने रखी। उन्होंने बताया कि उनकी मां एक सरकारी स्कूल में सहायक शिक्षिका थीं और उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार भी मिला था।

# लोधी महासभा का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 को



**नवभारत, जबलपुर।** लोधी महासभा जबलपुर द्वारा 18 जनवरी 2026 को युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ-साथ वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन आर्या मैरिज गार्डन, तेवर भेड़ाघाट रोड में किया जाएगा। जिसको लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटैल उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र लोधी, बरगी विधायक नीरज ठाकुर, पूर्व मंत्री जालमसिंह पटैल, विधायक बड़ा मलहरा रामसिया भारती, लोधी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन डेबिड, एस.टी. कमिश्नर लोकेश लिल्लारे शामिल रहेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाना है। साथ ही युवक-युवतियों को वैवाहिक मंच प्रदान कर सामाजिक एकता को सशक्त करना भी इस सम्मेलन का प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व पार्षद तेवर राजकुमार पटैल के नेतृत्व, अध्यक्ष सेवानिवृत्त इंजीनियर एस.एस. राजपूत एवं एड. एम के सुलाखे के संयोजक में संपन्न होगा। महासभा के अन्य पदाधिकारी छोटेसिंह, एडवोकेट शिवकुमार, भारतभूषण पटैल, राजेन्द्र सिंह, रमेश पटैल, डॉ. के.एस. ठाकुर, ओ.पी. पटैल, जनक पटेल, अतुल पटेल, डॉ. प्रतिभा सिंह ठाकुर, यशवती ठाकुर, बिरजू ठाकुर आयोजन को सफल बनाने में भूमिका निभा रहे हैं।

निरीक्षण | शहर के विभिन्न इलाकों के दौरे में दिखे विकास के प्रयास

# 5 घंटे तक अधिकारियों के साथ निगमायुक्त ने किया निरीक्षण



**नवभारत, जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ दोपहर 3:00 बजे से शाम 07:00 बजे तक लगातार 5 घंटे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। निगमायुक्त ने कहा कि 'हमारा लक्ष्य शहर को केवल साफ दिखाना नहीं, बल्कि स्वच्छता को एक संस्कार के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और गति से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी को ईमानदारी से कर्मठता और गंभीरता के साथ फील्ड में कार्य करने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार निरीक्षण की शुरुआत स्वच्छता के आधार स्तंभों से हुई। निगमायुक्त ने कठौंदा स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की संचालन व्यवस्था को देखा। साथ ही निगमायुक्त ने आई.एस.बी.टी. परिसर का भी अवलोकन किया, जहाँ यात्रियों की सुविधाओं और स्वच्छता को प्राथमिकता देने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त, आवारा पशुओं के प्रबंधन हेतु बनाए गए डॉग हाउस की व्यवस्थाओं को भी परखा गया और शासन की गाइड लाइन के अनुसार संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### भारत माता मंदिर भी पहुंचे

विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त सिविक सेन्टर स्थित निर्माणाधीन भारत माता मंदिर पहुँचे। उन्होंने कहा कि इस मंदिर का लोकार्पण अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक होगा, जो शहर की सांस्कृतिक पहचान बनेगा। इसके साथ ही निगमायुक्त ने माढ़ोताल तालाब के संरक्षण और सौंदर्यकरण को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के मौके पर अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेन्द्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, उद्यान अधिकारी मनीष तड़से, सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




# नर्मदा संरक्षण को लेकर जनसंपर्क अभियान जारी

**नवभारत, जबलपुर।** नर्मदा नदी को परमाणु परियोजना से संरक्षित करने के उद्देश्य से मंडला के आदिवासी महिला-पुरुषों द्वारा चलाया जा रहा जनसंपर्क अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत अवधपुरी, नर्मदा नगर और पोलीपाथर क्षेत्र में पर्चे बांटे गए तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद किया गया। इसके बाद लाल कुआं के पास नुक्कड़ सभा आयोजित कर अपनी बात रखी गई। इस दौरान अभियान को सहयोग देने वाले विवेक अवस्थी एवं उनकी टीम ने 'नर्मदा मैया की जय' के जयकारों के साथ जनजागरूकता फैलाई। पूर्व पार्षद राजेश सोनकर ने समर्थन दिया। अभियान को प्रमोद पटेल (ब्लॉक अध्यक्ष), शिव कुमार चोबे, सुबोध ऋछारिया, कमलेश यादव, देवेंद्र झारिया, बबलू झारिया, सरमन रजक और कमला पटेल ने भी समर्थन दिया। अभियान के आयोजकों ने बताया कि जनसंपर्क अभियान आगे भी जारी रहेगा।